# Various Commissions and Policies of Education in India

## भारत में शिक्षा के विभिन्न आयोग तथा नीतियाँ

For the development of the structure of Contemporary Education system in India or any other culture, its historical changes are mainly responsible.
Although, Indian Education System is the result of the Commissions and Policies formed after independence. But some impacts of British rule are still present. For a complete and deep understanding of this system, one should start from the very beginning.

**Before Independence**
As we all know, in ancient India the formal education was provided in the 'Gurukuls'. After that, when foreign invaders came to our country, the level of education became very low and it limits to meet the requirements of daily life.
During British rule in India some important commissions reports and acts were:

1. **Adam's Report** – First (1835), Second (1836) and Third (1838) – He made a keen **survey** of the education system of particularly **Bengal and Bihar** and submitted his report to the then Governor General Lord William Bentinck.

**2. Macaulay's Minutes**
On 2nd February 1835, Macaulay presented his influential minutes. He declared Indian languages as loutish and undeveloped and advocated for making **English** as the only medium of education in India. It was called '**Filtration Theory of Macaulay'.**

**3. Wood's Dispatch (1854)**
Sir Charles Wood was the Chairman of British East India Company's 'Board of Control'. It was also known as the cornerstone of the Indian Education System. It laid emphasis on the **same education for the whole country** and also on **Moral Education**.

**In 1857 Universities were founded in Calcutta, Madras (Chennai) and Bombay.**

4. **Lord Stanley's Dispatch** (1859) – It gave suggestions for **Teacher Education**.

**5. Indian Education Commission or Hunter Commission (1882)**
Its objective was to give suggestions and to improve the **primary education system**.

**6. Lord Curzon's Proposal**
It laid emphasis for the improvement in Primary Education with the help of **regional and local institutions**.

**7. Basic Education Scheme (1937-38)**
It is propounded by **Mahatma Gandhi**. He laid emphasis on **Free Education for 7-14** years children, Use of **Mother-Tongue**, **Handicrafts** or any other productive work and **earning while learning**. For its curriculum, **Dr Zakir Hussain Committee** was organized.

**8. Sergeant Plan (1944)**
It laid emphasis on **Nursery Schools**, **Free Education**, **Sculpture**, **Mother-Tongue** as the mode of education, **3 years degree course** in University Education, recommended **University Grants Commission (U.G.C.)**, **Adult Education**, **Teacher Education** etc.

**After Independence**

**I. Secondary Education Commission or Mudaliar Commission (1952-**

भारतीय या अन्य किसी भी संस्कृति की शिक्षा पद्धति के वर्तमान स्वरूप के लिए उसके इतिहास में हुए परिवर्तन ही उत्तरदायी होते हैं।

हमारी वर्तमान शिक्षा पद्धति पर हालांकि प्रमुख प्रभाव आजादी के बाद बने आयोगों तथा नीतियों का ही है परंतु आजादी से पहले अंग्रेजों द्वारा बनायी गयी नीतियों के कुछ अंश आज भी देखने को मिलते हैं। इसके स्वरूप को भली भांति समझने तथा आत्मसात करने के लिए प्रारंभ से चीजों को समझना होगा।

**आजादी से पहले**
जैसा कि हम सभी जानते हैं प्रारंभ में हमारे देश में शिक्षा गुरूकुलों में दी जाती थी। उसके बाद जब बाहरी आक्रमणकारी हमारे देश में आये उससे हमारी शिक्षा का स्तर बहुत नीचे गिर गया तथा यह दैनिक जीवन की आवश्यक्ताओं तक ही सीमित रह गई।

अंग्रेजों के शासन काल में भारतीय शिक्षा के लिए कुछ आयोग, रिपोर्ट तथा एक्टः

1. एडम की प्रथम रिपोर्ट (**1835**), एडम की द्वितीय रिपोर्ट (**1836**), तथा तृतीय रिपोर्ट (**1838**) - इन्होनें मुख्यतः **बंगाल तथा बिहार** राज्यों में शिक्षा के स्तर का बारीकी से **सर्वेक्षण** किया तथा उसी आधार पर अपनी रिपोर्ट तत्कालीन गर्वनर जनरल लॉर्ड विलियम बैंटिक को पेश की।

**2. मैकाले का विवरण-पत्र (1835)**
मैकाले ने 2 फरवरी 1835 को अपना प्रभावशाली विवरण-पत्र प्रस्तुत किया। इन्होनें भारतीय भाषाओं को गंवारू तथा अविकसित घोषित करते हुए **अंग्रेजी** को शिक्षा का एकमात्र माध्यम बनाने की सिफारिश की। इसे **निस्यन्दन (छानने की क्रिया) का सिद्धांत** कहा गया।

**3. वुड का घोषणा पत्र (1854)**
सर चार्ल्स वुड ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के 'बोर्ड ऑफ कंट्रोल' के चेयरमैन थे। इसे 'भारतीय शिक्षा का शिलाधार' अथवा 'भारतीय शिक्षा महाधिकार पत्र' भी कहा जाता था। इन्होनें **समस्त भारतवर्ष के लिए एक ही प्रकार की शिक्षा** पर बल दिया जिसमें **नैतिक शिक्षा** भी सम्मिलित थी।

**1857 में कलकत्ता, मद्रास (चेन्नई) तथा मुम्बई में विश्वविद्यालयों की स्थापना की गईं।**

4. **लॉर्ड स्टेनले का घोषणा पत्र** (1859) - इसमें **अध्यापक शिक्षा** के लिए सुझाव दिये गये।

**5. भारतीय शिक्षा आयोग या हन्टर आयोग (1882)**
इसका उद्देश्य **प्राथमिक शिक्षा में सुधार** लाना एवं उसमें सुझाव देना था।

**6. लॉर्ड कर्जन का शिक्षा संबंधी प्रस्ताव**
इन्होनें **स्थानीय तथा निजी संस्थाओं** के सहयोग से प्राथमिक शिक्षा के सुधार पर बल दिया।

**7. बेसिक शिक्षा योजना (1937 – 38)**
यह **महात्मा गांधी** की देन है। इन्होनें **7-14 वर्ष तक निःशुल्क शिक्षा, मातृभाषा, हस्तशिल्प** एवं अन्य किसी उत्पादक कार्य का समन्वय तथा सीखने के साथ **कमाने** पर बल दिया। इसका पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए **डॉ. जाकिर हुसैन कमेटी** का गठन किया गया।

**8. सारजेंट योजना या सार्जेंट रिपोर्ट (1944)**
इन्होनें **नर्सरी** विद्यालयों की स्थापना, निःशुल्क शिक्षा, **शिल्पकला**, शिक्षा का माध्यम **मातृभाषा**, विश्वविद्यालयी शिक्षा में 3 वर्षीय डिग्री कोर्स, **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** की सिफारिश, **प्रौढ़ शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण**, आदि पर बल दिया।

**आजादी के बाद**

**1. माध्यमिक शिक्षा आयोग या मुदालियर आयोग (1952-53)**
केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड तथा तारा चंद कमेटी (1948) के सुझाव पर **डॉ ए. लक्ष्मण स्वामी मुदालियर** (उस समय मद्रास विश्वविद्यालय के कुलपति) की अध्यक्षता में भारत सरकार

EduBull.com

**53)**
On the recommendations of the Tara Chand Committee (1948) and Central Advisory Board of Education, the **Secondary Education Commission** was appointed by the Government of India on September 23, 1952, under the Chairmanship of Dr A. Lakshman Swami **Mudaliar**, the then Vice-Chancellor of Madras University.
The Commission submitted its report in June 1953. The Major recommendations were:
1. **Three Language Formula** (i.e. Mother Tongue or regional language, National Language and International Language)
2. Diversified Courses
3. Emphasis on Educational & Vocational Guidance
4. Common Pattern for School and College education will be **8+3+3** i.e. 8 years of middle School then 3 years of higher secondary and further 3 years of the degree.

**II. Indian Education Commission or Kothari Commission (1964-66)**
The Kothari Commission Report on Education was entitled as **'Education and National Development'**. This Commission was appointed in 1964 by the Government of India under the headship of **Dr D. S. Kothari** to advise the Government on the national pattern of education and on the general principles and policies for the development of education. The commission submitted its report on June 29, 1966. The main recommendations of the commission were:
1. Stress on Science Education.
2. Common School system and Uniform pattern of **10+2+3**
3. Improvement in Curriculum and Methods of Teaching, Evaluation and Vocationalisation of Education
4. Guidance and Counselling

**III. National Policy on Education (N.P.E.) 1986**
National Policy on Edcucation was introduced in 1968, 1986 and 1992. We will discuss in detail about **N.P.E. 1986**. It is popularly known as **New Education Policy**. It is also called **Everybody's Policy** because it is developed by the participation of people. It is regarded as the **Magna Card** for the Future of National Education System. It contains 157 articles conceived in the context of **Human Resource Development** keeping in view the needs of 21st Century.
In May 1985, the Govt. of India published **"CHALLENGE OF EDUCATION" – a policy perspective**. Later in August 1986, its Programme of Action was approved. Some Commendable facts of NPE are:
1. Concept of National System - **Education For All** (Education for Women, Schedule Castes, Schedule Tribes, Backward Sections, Minorities, Handicapped, Adults etc.).
2. All-round development
3. Common Structure **10+2+3** (**Contemporary** system i.e. 10+2 & 3 years degree)
4. National Curricular Framework **N.C.F.** – A common core along with other components that are flexible. We will discuss deeply N.C.F. in the different chapter of this book.
5. International Understanding, Promotion of National Pride.
6. Early Childhood Care and Education (**ECCE**)
7. **Child–Centred Approach** – A child centred and the Activity-based process of learning should be adopted at the primary stage.
8. **Operation Black-Board 1987** was introduced to make these proposals practical. Its responsibility was to provide all the **minimum essential and expected facilities** to each and every school in the country.

**IV. NATIONAL LITERACY MISSION**
It was introduced in 1988 mainly for adult education i.e. the age group from 15 to 35.

**V. Ramamurti Review Committee 1990**
The Committee was appointed to review on **National Policy on**

द्वारा 23 सितम्बर, 1952 को माध्यमिक शिक्षा आयोग की स्थापना की गई। क्योंकि इसके अध्यक्ष मुदालियर थे इसीलिए इसे **मुदालियर आयोग** भी कहा जाता है।

आयोग ने अपनी रिपोर्ट जून 1953 में जमा कराई। इसकी मुख्य सिफारिशें निम्न हैं:
1. **त्रि-भाषीय सुत्र** (मातृ-भाषा या स्थानीय भाषा, राष्ट्रीय भाषा तथा अंतर्राष्ट्रीय भाषा)

2. विविध कोर्स
3. शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन पर जोर

4. कॉलेज तथा स्कूल शिक्षा के लिए सामान्य पैटर्न **8+3+3** (8 वर्ष माध्यमिक विद्यालय उसके बाद 3 वर्ष उच्च माध्यमिक तदुपरांत 3 वर्ष डिग्री।

**2. भारतीय शिक्षा आयोग या कोठारी आयोग (1964-66)**
कोठारी कमिशन की रिपोर्ट का शीर्षक था **'शिक्षण और राष्ट्रीय विकास'**। यह आयोग 1964 में भारत सरकार द्वारा **डॉ डी.एस. कोठारी** के नेतृत्व में शिक्षा के राष्ट्रीय स्वरूप और शिक्षा के विकास के लिए सामान्य सिद्धांतों और नीतियों पर सरकार को सलाह देने के लिए नियुक्त किया गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 29 जून 1966 को प्रस्तुत की। आयोग की मुख्य सिफारिशें थीं -

1. विज्ञान शिक्षा पर बल
2. सामान्य स्कूल प्रणाली तथा **10+2+3** की एकसमान पद्धति
3. पाठ्यचर्या, शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन तथा व्यावसायिकरण में सुधार
4. मार्गदर्शन तथा परामर्श

**3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986**
राष्ट्रीय शिक्षा नीति हालांकि वर्ष 1968, 1986 तथा 1992 में आई हैं। परंतु यहां पर हम **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986** के बारे में विस्तार से जानेगें। यह **नई शिक्षा नीति** के नाम से भी लोकप्रिय है। इसे **हर किसी की नीति** भी कहा जाता है क्योंकि इसे आम लोगों के द्वारा विकसित किया गया है। इसे भविष्य की शिक्षा के लिए **महाधिकार पत्र** भी माना गया है। इसमें 21वीं सदी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मानव संसाधन विकास के संदर्भ में 157 लेख शामिल हैं।
मई 1985 में भारत सरकार ने **"CHALLENGE OF EDUCATION" – a policy perspective** प्रकाशित किया। बाद में अगस्त 1986 में इसकी कार्य योजना को मंजूरी दे दी गई। एन.पी.ई. के कुछ प्रशंसनीय तथ्य हैं-
1. राष्ट्रीय प्रणाली की अवधारणा - **सभी के लिए शिक्षा** (महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विक्लांग, प्रौढ़ आदि)

2. सर्वांगीण विकास
3. शिक्षा प्रणाली **10+2+3** ( समकालीन शिक्षा प्रणाली)।

4. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा **N.C.F.**- अन्य घटकों के साथ एक सामान्य और लचीला पाठ्यक्रम। हम इसी पुस्तक के **N.C.F.** अध्ययाय में इसके बारे गहराई से चर्चा करेगें।

5. अंतर्राष्ट्रीय समझ, राष्ट्रीय गौरव का प्रचार।
6. प्रारंभिक बाल देखभाल तथा शिक्षा (**ECCE**)
7. **बाल केंद्रित दृष्टिकोण** - प्राथमिक स्तर पर बच्चे की सीखने की आवश्यक्ताओं को ध्यान में रखकर गतिविधि आधारित प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिए।
8. **ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड 1987** - इन प्रस्ताओं को व्यावहारिक बनाने के लिए ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड प्रस्तावित किया गया। इसकी जिम्मेदारी देश के हर स्कूल में सभी **न्यूनतम आवश्यक और अपेक्षित सुविधाओं** को प्रदान करना था।
**4. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन**
1988 में यह प्रौढ़ शिक्षा (15 से 35 वर्ष) के लिए मुख्य रूप से शुरू किया गया था।

**5. राममूर्ति समीक्षा समिति 1990**
इस समिति को **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (National Policy on Education 1986)** की समीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया था इसे **NPERC (National Policy on Education Review Committee)** के नाम से भी जाना जाता है।

**Education 1986.** It is also known as **NPERC (National Policy on Education Review Committee).** It's title was – **Towards an enlightened Society.** Important recommendations of the Committee are:

1. Equity and Social Justice
2. Empowerment of Work
3. Regional Language as the medium of Education.
4. Education for Women's Equality
5. Public investment in education should exceed **6%** of GNP (Gross National Product).

In 1992 a Revised National Policy on Education was introduced. It is also known as **Programme of Action (POA).**

The name of Yashpal Committee Report (1993) is **'Learning without Burden'**.

**VI. Sarva Shiksha Abhiyan (SSA)**
It was started by Sh. Atal Bihari Vajpai in **2000-2001**. Its aim was to make education **Universal, Accessible** and **Useful**. It is a **time-bound programme** which arranges **free and compulsory education** to all children between age group **6-14 years**. It engages **local bodies**. Under the supervision of **Center, State** and **Local level government** the feeling of **co-operation** should be established.
It also includes Education For All (Education for Women and Schedule Castes, Schedule Tribes, Backward Sections, Minorities, Handicapped, Adults etc.).
It laid emphasis on **RTE (Right to Education).**

Under **Sarva Shiksha Abhiyan Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya (KGBV)** established in Minority-based and educationally backward sections of the county. In these schools, girls from SC, ST, minorities, OBC, BPL, families of Sex-workers sections get free education and related facilities like Books, study materials, hostel facility, things of daily use, Rs. 100/- per month (in their bank account) etc. are provided to them.

**VII. BETI BACHAO, BETI PADHAO**
It was started in 2015 by Honourable Prime Minister Narender Modi for the superior education for girls.

**VIII. The School Choice Campaign (SCC)**
It is a policy initiative to ensure that all children receive a quality education of their choice. Rooted in the philosophy that each child is unique, SCC believes that an education system can be called truly successful when it is flexible enough to cater to each student as an individual and yet ensure that the quality of education imparted in each institution is of the highest standard. This facility is for poor children in order to facilitate RTE 2009.

**International Literacy Day** is celebrated on **8th September.**

इसका शीर्षक - **'एक प्रबुद्ध समाज की ओर'** था। समिति की महत्वपूर्ण सिफारिशें हैं:

1. निष्पक्ष सामाजिक न्याय
2. कार्य का सशक्तिकरण
3. शिक्षा के माध्यम में क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग।
4. समानता के लिए महिला शिक्षा
5. शिक्षा में निवेश GNP (Gross National Product का **6%** से अधिक होना चाहिए।

1992 में शिक्षा पर एक संशोधित राष्ट्रीय नीति शुरू की गई इसे **Programme of Action (POA)** के रूप में भी जाना जाता है।

यशपाल कमिटी रिपोर्ट (1993) का नाम है **'बिना बोझ के शिक्षण'**।

**6. सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.)**
इसे वर्ष **2000-2001** में श्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा आरंभ किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षा को **सार्वभौमिक, सुलभ** तथा **उपयोगी** करना था। यह एक समयबद्ध कार्यक्रम है जो **6 से 14** आयु वर्ग के सभी बच्चों को **निःशुल्क** तथा **अनिवार्य शिक्षा** प्रदान करता है। यह स्थानीय निकायों के सहयोग से होता है। केन्द्र, राज्य तथा स्थानीय स्तर की सरकार की देखरेख में सहयोग की भावना के साथ इसका क्रियान्ववयन होता है।
इसमें सभी के लिए शिक्षा (महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विक्लांग, प्रौढ़ आदि) का प्रावधान है।

यह **RTE (Right to Education)** पर बल देता है।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय **(KGBV)**, अल्पसंख्यक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में, स्थापित किए गए हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग, गरीबी से नीचे रेखा वाले तथा सेक्स वर्कर्स के परिवारों की लडकियों को निःशुल्क शिक्षा तथा अन्य सुविधाएं जैसे पुस्तकें तथा शिक्षण सामग्री, आवास सुविधा, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, प्रतिमाह 100 रू. बैंक खाते में जमा इत्यादि प्रदान किये जाते हैं।

**7. बेटी बचाओ बेटी पढाओ**
इसे 2015 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लडकियों की और बेहतर शिक्षा के लिए आरंभ किया गया।

**8. विद्यालय चुनाव अभियान**

यह एक नीतिगत पहल है जो सुनिश्चित करती है कि सभी बच्चों को उनकी पसंद की गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त हो। प्रत्येक बालक अपने आप में विशिष्ट है। इसी सिद्धांत पर कार्य करते हुए एससीसी का मानना है कि एक शिक्षा प्रणाली तभी सफल कही जाएगी जब वह प्रत्येक छात्र का सर्वांगीण विकास करते हुए लचीली होने के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखे। यह योजना शिक्षा का अधिकार - 2009 के अंतर्गत मुख्यतः गरीब बालकों के लिए है।

**अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस** प्रत्येक वर्ष 8 सितम्बर को मनाया जाता है।